दिन–सोमवार दिनांक– 13/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज से प्रयागराज में शुरू। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालु लगा रहे हैं आस्था की डुबकी।

02. अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का सम्मेलन पटना में बीस और इक्कीस जनवरी को आयोजित होगा। विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति होंगे शामिल।

03. ओडिशा में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बिहार के खाते में दो स्वर्ण समेत कुल चार पदक।

04. और, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को ठंड से मिली राहत। अगले पांच दिनों तक मौसम में नहीं होगा कोई बदलाव।

————————————————————————

प्रयागराज महाकुंभ आज से शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम छह बजे तक लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान भक्तों पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हो गया है। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। एक सौ चौवालीस वर्षों में केवल एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। अनुष्ठान स्नान के बाद लाखों श्रद्धालु संगम पर एक महीने के लिए कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन करेंगे। इस आयोजन के लिए सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए भी विशेष इंतजाम किये गये हैं।

हमारे संवाददाता ने कुंभ आए कुछ श्रद्धालुओं से बातचीत की।

———बाईट———

————————————————————————

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि इस भव्य आयोजन में शामिल होने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

———बाईट———

हम लोगों ने जो पारंपरिक पुलिस व्यवस्थाएं हैं उसके अतिरिक्त अधिक से अधिक तकनीक का प्रयोग करके बेहतर व्यवस्थाएं यहां के श्रद्धालुओं को दी हैं। आज वहां पुष्प वर्षा भी होगी। हमारे माउंटेड पुलिस के लोग लगातार भ्रमण कर रहे हैं। हम ड्रोन्स के द्वारा तथा सीसीटीवी के द्वारा सभी जगहों पर क्राउड मैनेजमेंट, ट्रैफिक मैनेजमेंट कर रहे हैं।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था तथा सद्भाव का उत्सव है।

————————————————————————————

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि महाकुंभ 2025 न केवल आध्यात्मिक समागमों के लिए बल्कि वैश्विक पर्यटन के लिए भी एक ऐतिहासिक आयोजन है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर पर्यटन मंत्रालय ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहल की है।

———बाईट———

————————————————————————————

बिहार से लाखों की संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि कुंभ मेले में श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————————

कल मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाएगा। इस वर्ष महाकुंभ होने के कारण भी इस पर्व का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायेंगे। पर्व को देखते हुए विभिन्न जिला प्रशासन ने नदी घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती की गयी है। पटना और बक्सर सहित अन्य जिलों में एहतियात के तौर पर गंगा समेत अन्य नदियों में निजी नावों के परिचालन पर कल और परसों रोक रहेगी। इधर, जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि बाजार में चूड़ा, गुड़, लाई, तिलकुट और अन्य सामग्रियों की जमकर खरीदारी की जा रही है।

———————————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का सम्मेलन पटना में बीस और इक्कीस जनवरी को आयोजित होगा। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा और बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का विषय है– संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ–संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने में संसद और राज्य विधानमंडलों का योगदान।

———बाईट———

श्री यादव ने बताया कि बिहार में तीसरी बार इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधान परिषद के सभापति और उप सभापति शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अब तक दो सौ चौंसठ अतिथियों के आने की सूचना प्राप्त हुई है।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान समस्तीपुर जिले में नौ सौ सैंतीस करोड़ रूपये की एक सौ अंठानवे विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बूढ़ी गंडक नदी पर मगरदही घाट पुल के समानांतर प्रस्तावित पुल का निर्माण जल्द शुरू करवाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। श्री कुमार ने कहा कि इस पुल के बन जाने से लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इधर, मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान बीपीएससी अभ्यर्थियों और विभिन्न छात्र संगठनों ने आज समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज पटना में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों ने परीक्षा के दौरान हुई अनियमितता की जानकारी राज्यपाल को दी। मुलाकात के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्यपाल ने उन्हें न्याय का भरोसा दिया है।

———बाईट———

पूर्वी चंपारण जिले के रघुनाथपुर थाना हाजत में एक कैदी द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने अपर थानाध्यक्ष भीम सिंह और दारोगा नंदिनी कुमारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि तीनों पुलिसकर्मी से इस मामले में स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

———————————————————————

ओडिशा में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बिहार को अब तक कुल चार पदक मिले हैं। इसमें दो स्वर्ण और एक रजत तथा एक कांस्य पदक शामिल हैं। बेगूसराय की खुशबू कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। वहीं, शालिनी कुमारी ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

———————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ वाल्मिकीनगर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

राजगीर से कोडरमा के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन आज से शुरू हो गया ह। यह ट्रेन इकत्तीस मार्च तक चलाई जायेगी।

———————————————————————

रोहतास जिले के रोहतासगढ़ किला में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कुड़खर कोहां बेंजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग अपनी लोक संस्कृति को प्रदर्शित कर रहे है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के बरौनी एनटीपीसी को जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीसरे नेशनल पावर जेन वाटर अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय जल प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

———————————————————————————

कुख्यात बैंक लूटेरों अजय राय को एसटीएफ की टीम ने झारखंड के हजारीबाग मुफस्सिल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

पूर्णियां जिले के मरंगा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक कंटेनर से पांच हजार लीटर से अधिक शराब बरामद की है। मौके से चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

सुपौल जिले से पिपराही से एसएसबी के जवानों ने एक सौ अड़तीस किलो गांजा जब्त किया है। मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

———————————————————————————

01. विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज से प्रयागराज में शुरू। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालु लगा रहे हैं आस्था की डुबकी।

02. अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का सम्मेलन पटना में बीस और इक्कीस जनवरी को आयोजित होगा। विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति होंगे शामिल।

03. ओडिशा में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बिहार के खाते में दो स्वर्ण समेत कुल चार पदक।

04. और, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को ठंड से मिली राहत। अगले पांच दिनों तक मौसम में नहीं होगा कोई बदलाव।

———————————————————————————

समाप्त